हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 14 जनवरी 2024

04 अनदेखीः मोबाइल कंपनी के कर्मचारी सड़क ...



07 आतंक इलेवन पिपरिया को हराकर अंकित इलेवन...






16 फरवरी को मनाई जाएगी नर्मदा जयंती और नर्मदापुरम का गौरव दिवस

# अफसरों की नाकामी बन रही जनता की परेशानी

**सीवरेज प्रोजेक्ट के तहत शहर की तमाम मुख्य कॉलोनियों की सड़कों को पाइप लाइन बिछाने के लिए उधेड़ तो दिया गया है लेकिन उधड़ी हुई सड़कों को शर्तों के अनुसार रेस्टोरेशन नहीं किया जा रहा है।**

इन दिनों नर्मदा के घाटों को जाने वाली अंदरूनी सड़कें सीवरेज लाइन के प्रोजेक्ट के कारण उधड़ी पड़ी हुई हैं। ऐसे में नर्मदा जयंती और नर्मदापुरम का गौरव दिवस भी मनाने की तैयारी कि जाने लगी है। जनता ने काम के दौरान भी पेरशानियां झेली ओर अब काम होने के बाद भी परेशान है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जनता को बेहतर सुविधा देने के बड़े-बड़े दावे अफसर और जनप्रतिनिध करते हैं लेकिन असल हकीकत मैदान पर पहुंचने में दिखाई पड़ती है। 16 फरवरी को नर्मदा जयंती और नर्मदापुरम का गौरव दिवस मनाया जाएगा। जिसकी तैयारियां शुरू होने लगी है। मगर नर्मदा घाटों को जाने वाले कई रास्ते इन दिनों सीवरेज लाइन के काम के कारण टूटे-फूटे पड़े हुए है सड़कें उधड़ी हैं। यानी अफसरों की नाकामी जनता की परेशानी बन रही है। बदइंतजामियत को दूर करने के कोई खास कदम नहीं उठाए जाने के कारण आमजन परेशानी झेलने को मजबूर है। जबकि सीवरेज लाइन का काम पांच साल में पूरा होना था लेकिन अभी भी अधूरा है। कैलेंडर में साल बदल गया है लेकिन काम करने वाली कंपनी एमपीयूडीसी की चाल नहीं बदली है।

### पूरा होगा रेस्टोरेशन

सीवर लाइन का काम 31 जनवरी तक पूरा हो जाएगा। नर्मदा जयंती और नर्मदापुरम के गौरव दिवस के पूर्व सड़कों के रेस्टोरेशन का काम पूरा कर लिया जाएगा।

**संपदा गुर्जर**, सिटी मजिस्ट्रेट, नर्मदापुरम



**सड़कें खोदी तो जरूर जा रही है,लेकिन शर्तों के अनुसार रेस्टोरेशन कार्य नहीं किया जा रहा, जिससे खुदाई के दौरान परेशानी झेलने वालों को बाद में भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।**

**खास बातें**

- नर्मदापुरम में कई स्थानों पर सीवेज लाइन के गड्ढे सड़क से ऊंचे होने के कारण परेशानी बने।
- कई स्थानों पर रेस्टोरेशन तरीके से नहीं होने के कारण सड़क नालियों में तब्दील।

## ओवरब्रिज के तिराहे के पास से अतिक्रमण हटाया...



**नर्मदापुरम।** शनिवार को जिला प्रशासन, नगरीय प्रशासन और पुलिस विभाग की टीम द्वारा नर्मदा कॉलेज के पास ओवरब्रिज तिराहे पर बनने वाली स्ट्रीट ग्रीन ऑर्ट बॉल में अड़ंगा बनने वाले अतिक्रमणकारी को सख्ती से हटा दिया गया है। अतिक्रमण हटाने के पीछे वजह साफ है कि तिराहे पर अतिक्रमणकारी द्वारा मांस, मछली का व्यापार किया जा रहा था। प्रदेश सरकार के फरमान के बाद तहसीलदार देवकरण ध्रुवे, एसडीओपी पराग सैनी, सीएमओ नवनीत पांडे आदि की मौजूदगी में अतिक्रमण अमले द्वारा हटा दिया गया।

# सेवानिवृत कर्मचारियों के वार्षिक सम्मेलन में वरिष्ठों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



जिला के सेवानिवृत कर्मचारी अधिकारी परिवार के तत्वावधान में जिले के सेवानिवृत कर्मचारी एवं अधिकारी का वार्षिक सम्मेलन का आयोजन दत्त मंदिर नर्मदापुरम में किया गया सम्मेलन में वरिष्ठ सेवानिवृत कर्मचारी अधिकारी उमाशंकर श्रोती, बीडी चौरे, सीएस राठौर, नर्मदा प्रसाद गोल्हानी, उमाशंकर तिवारी, आरपी साहू, एलएन तिवारी, ओपी मालवी एवं विनय दुबे का सम्मान किया गया। भारत पेंशन समाज के अध्यक्ष प्रभात पांडे ने पेंशनर्स की समस्या के संबंध में शासन का ध्यान आकृष्ट कराने के लिए एकता एवं संगठित होने का आग्रह किया आयोजक मंडल के सदस्य बदन सिंह तोमर, अशोक सोनी, विनोद परसाई, केसी दुबे, डीएस चौहान, एनके उमरे, वायएन शर्मा, राजेश चौरे, राजेंद्र ठाकुर, रमेश राजपूत, एसके साहू, आरके शर्मा आदि उपस्थित रहे।

सिवनीमालवा, भोपाल, पिपरिया, माखननगर, नर्मदापुरम, केसला, सोहागपुर के लगभग एक सौ परिवार सम्मेलन में उपस्थित थे। सम्मेलन में अपने क्षेत्र में सफ़ाई करने एवं कम सेकम पाँच कृषक परिवार को गोद लेकर जैविक खेती कराने तथा नरेन्द्र मोदी की कल्पना के अनुरूप मोटा अनाज का रकवा बढाने तथा अयोध्या धाम में श्रीराम जी की स्थापना के समय घर में पूजन अर्चन करने का संकल्प लिया।

इटारसी से आये पीके चिमानिया, पी शर्मा, विजय वर्मा ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया स्नेह भोज के उपरान्त कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

## कल से सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन होगा



**नर्मदापुरम।** विक्रम नगर रसूलिया में 15 जनवरी से सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन समय प्रतिदिन 1 से 4 बजे तक किया जा रहा है। कथा का वाचन पं. अनिल मिश्रा के द्वारा किया जायेगा। पं. मिश्रा ने बताया की सात दिवसीय कथा में समस्त भक्तगण जीवन को तारणे वाली कथा आनंद लेंगे और कथा के दौरान विगत वर्षानुसार इस वर्ष भी 17 जनवरी को प्रातः 10 बजे दो कन्याओं का जनसहयोग से निःशुल्क विवाह संपन्न कराया जाएगा। श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ 15 तारीख को कलश यात्रा के साथ होगा। कलश यात्रा सुबह 10 बजे एस पी एम गेट नंबर 4 से प्रारंभ होगी।

## श्रीराम जन्म भूमि मंदिर दर्शन को लेकर बैठक

**नर्मदापुरम।** भाजपा की बैठक शनिवार को श्रीराम मंदिर दर्शन अभियान को लेकर संपन्न हुई। आगामी 22 जनवरी को प्रभु श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा पर हर्ष उल्लास से कार्यक्रमों को करने का पदाधिकारियो, जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ता एवं श्रीराम भक्तों से आग्रह किया। इस अवसर पर नर्मदापुरम विस के प्रदेश पदाधिकारी जिला पदाधिकारी, मंडल, मोर्चा, प्रकोष्ठों के पदाधिकारी उपस्थित रहें।

## प्रेसीडेंट इन कौंसिल की बैठक 17 जनवरी को

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नगर पालिका परिषद द्वारा अमृता सभाकक्ष में 17 जनवरी को दोपहर 12 बजे से प्रेसीडेण्ट इन कौंसिल की बैठक तथा दोपहर 3.बजे से परिषद का विशेष सम्मिलन रखा गया है जिसमें पूर्व वर्षों की भाँति इस वर्ष भी मॉ नर्मदा जन्मोत्सव एवं गौरव दिवस महोत्सव भव्य रूप में मनाए जाने तथा संत शिरोमणी श्री रामजी बाबा मेला 2024 आरंभ किए जाने तथा अन्य महत्वपूर्ण विषयों के संबंध में चर्चा होगी। मॉ नर्मदा जन्मोत्सव एवं गौरव दिवस महोत्सव 15 एवं 16 को 2 दिवसीय तथा मुख्य महोत्सव 16 फरवरी 2024 को मनाए जाने तथा संत शिरोमणी श्री रामजी बाबा मेला 2024, 22 फरवरी 2024 से मनाए जाने हेतु समस्त आवश्यक तैयारियों एवं व्यवस्थाओं के संबंध में निर्णय लिए जाएंगे।

# थेलेसिमिया रोग जनजागरण रैली निकाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम




एनसीसी 5 एमपी गर्ल्स बटालियन ने शनिवार को समेरिटंस सीनियर सेकेंडरी स्कूल द्वारा जनजागरण रैली निकाल कर थैलीसीमिया रोग के बारे में जानकारी दी। रैली में बालिकाएं पोस्टर, बैनर तथा स्लोगन लिए हुए चल रही थी। रैली का शुभारंभ डायरेक्टर डा आशुतोष कुमार शर्मा तथा प्राचार्य प्रेरणा रावत ने किया। रैली संस्था प्रांगण से प्रारंभ होकर चक्कर रोड मालाखेड़ी मार्ग पर स्थित कालोनियों से होकर निकली।

इस दौरान स्थानीय निवासियों को थेलेसिमिया सिकल सेल की जानकारी और बचाव के बारे में बताया गया। एनसीसी कैडेट्स द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगो को इस रोग के बारे में जागरूक किया गया। रैली में संस्था के एनसीसी मैनेजर प्रदीप कुमार यादव, सहयोगी एनसीसी अधिकारी विजय प्रकाश श्रीवास्तव, केयर टेकर एनसीसी अधिकारी ममता चौहान का सहयोग रहा। इस दौरान 5 एमपी गर्ल्स बटालियन एनसीसी के प्रतिनिधि सूबेदार राज कुमार, शीतल कुमार, मीन हुसैन, हवलदार मोहम्मद हुसैन, बलवान सिंह उपस्थित रहे।

## इग्नू के कई पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रारंभ

**नर्मदापुरम।** इंदिरा गॉधी राष्ट्रीय मुक्त विष्वविद्यालय द्वारा संचालित लगभग 275 से अधिक पाठ्यक्रमों में जनवरी सत्र 2024 के प्रवेष हेतु आवेदन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। प्राचार्य डॉ. कामिनी जैन ने बताया कि इग्नू प्रवेष प्रक्रिया ऑनलाईन रखी गई है तथा आवेदन इग्नू की बेवसाइट के माध्यम से किया जा सकता है। ग्रामीण या शहरी क्षेत्र के विद्यार्थी जिन्हे ऑनलाईन प्रवेष लेने में किसी प्रकार की कोई असुविधा आ रही है वे निकटतम इग्नू अध्ययन केन्द्र शासकीय गृहविज्ञान स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय नर्मदापुरम में आकर संपर्क कर सकते है। महाविद्यालय में प्रवेष संबंधी समस्त जानकारी प्रदान की जायेगी एवं ऑनलाईन प्रवेष हेतु सहयोग किया जायेगा।

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भीं

पाठक पुरस्कार योजना-2023 कूपन फार्मेट जमा करने हेतु निम्न स्थानों पर संपर्क करें

सागर - श्री राघवेन्द्र दुबे - हरिभूमि कार्यालय- अदिति गैस एजेंसी के पास अग्रवाल बिल्डिंग सिविल लाईन सागर, मोबाईल नं.- 9302910899
अशोकनगर- मनोज जैन जिला ब्यूरो चीफ- हरिभूमि कार्यालय-वार्ड नं. 20 नई आबादी महावीर कॉलोनी अशोकनगर मोबाईल नं. - 9406961883
खंडवा- गोपाल राठौर- हरिभूमि कार्यालय- दुकान नंबर 09 श्री गुरूगोबिंद सिंह मार्केट वत्सला विहार सिविल लाइन खंडवा जिला खंडवा पिन कोड -450001 मोबाईल नं.- 7697652222
राजगढ़- सुनील गोले-हरिभूमि कार्यालय- पुरानी तहसील के पास, पारायण चौक, राजगढ़ मोबाईल नं.- 9407596600
सिरोंज- राजीव जैन सैनानी- हरिभूमि कार्यालय- ढाल बाजार सिरोंज मोबाईल नं.- 9826821405
गंजबासौदा- राजा छारी- हरिभूमि कार्यालय- महावीर विहार के पास मिल रोड गंजबासौदा मोबाईल नं.- 9993766686
इटारसी- भूपेन्द्र विश्वकर्मा- हरिभूमि कार्यालय- नगर पालिका कॉम्प्लेक्स लक्कडगंज, इटारसी मोबाईल नं.- 9300263480
ब्यावरा- मुकेश शर्मा- हरिभूमि कार्यालय- मंत्री श्री नारायण सिंह पंवार के पास, हरीश राठौर का मकान, ब्यावरा, जिला राजगढ़ मोबाईल नं.- 9425380751
शिवपुरी- अशफाक खान- हरिभूमि कार्यालय- पुरानी शिवपुरी रोड, जैन दूध डेयरी के सामने शिवपुरी म.प्र. मोबाईल नं.- 8871534001
नर्मदापुरम्- सुरेश राजपूत- हरिभूमि कार्यालय- भारत पेपर मार्ट के ऊपर, कोठी बाजार, कलेक्टर ऑफिस रोड, नर्मदपुरम् मोबाईल नं.- 9406929830
सीहोर- जुगल पटेल- हरिभूमि कार्यालय- डीसीएम हाईट होटल, फस्ट फ्लोर, नियर फौजी होटल के पास, इंग्लिशपुरा सीहोर मोबाईल नं.- 9755123812
विदिशा- अटल तिवारी- हरिभूमि ब्यूरो कार्यालय- सिटी टावर निकासा विदिशा मोबाईल नं.- 9425422701
गुना- मनीष तिवारी- हरिभूमि कार्यालय- गायत्री मंदिर के सामने जिला गुना मोबाईल नं.- 9584614174

नोट - कूपन फार्मेट 31 जनवरी 2024 तक जमा किये जावेंगे।

## 15 जनवरी को मकर संक्रांति पर 8 घंटे का रहेगा पुण्यकाल

# अश्व पर सवार होकर आएंगी इस बार संक्रांति

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

हिन्दू धर्म में मकर संक्रांति का विशेष महत्व है। इस दिन सूर्य धनु राशि से निकलकर मकर राशि में प्रवेश करते हैं। इस दौरान नर्मदा में स्नान के पश्चात दान का विशेष महत्व माना गया है। मकर संक्रांति सोमवार 15 जनवरी को अश्व पर सवार होकर विशिष्ट योग में आएगी। जिसका पुण्यकाल सुबह 9.24 से शाम 5.26 तक रहेगा यानि स्नान, दान और पूजन के लिए पर्याप्त समय भक्तों को मिलेगा। पोष मास में संक्रांति आने पर जनता सुखी होती है। आचार्य सोमेश परसाई ने बताया कि इस बार मकर संक्रांति अश्व पर विराजमान होकर आ रही है। जिससे सबका मंगल होगा। हालांकि इन दिनों शीतलहर और मकर संक्रांति से ज्यादा नर्मदांचल में रामलहर चल रही है। विचार और भावनाएं भगवान के श्रीराम के विभिन्न रूपों का वर्णन कर रहे है।

### बाजार में सजी पतंगे

मकर संक्रांति का पर्व नजदीक आते ही नर्मदांचल में तिल्ली से बने लड्डू,गजक और पतंगों की दुकानें सज गई है। इन दुकानों पर ग्राहकी उमड़ने लगी है। संक्रांति पर्व 15 जनवरी को मनाया जाएगा। मकर संक्रांति के आगमन के साथ ही एक माह का खरमास भी समाप्त हो जाएगा। बााजार में बच्चों को लुभाने के लिए दुकानों में छोटा भीम,डोरमोन, मिकी माउस जैसे कार्टून किरदारों के चित्र वाली पतंगें तैयार है।

### पृथ्वी द्वारा सूर्य की परिक्रमा करने पर आधारित है मकर संक्रांति का पर्व



देश भर में सूर्य की आराधना से जुड़ा पर्व दक्षिण में पोंगल , पूर्व मे बिहु तो मध्यभारत में मकर संक्रांति के रूप में मनाया जाता है। इस पर्व के वैज्ञानिक पक्ष की जानकारी देने नेशनल अवार्ड प्राप्त विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने सूर्य का साइंस कार्यक्रम का आयोजन किया । सारिका ने बताया कि मान्यता है कि मकर संक्रांति के दिन सूर्य उत्तरायण हो जाता है लेकिन वास्तव में अब ऐसा नहीं होता है । हजारों साल पहले मकर संक्रांति के दिन सूर्य उत्तरायण हुआ करता था । इसलिये यह बात अब तक प्रचलित है ।सारिका ने बताया कि वैज्ञानिक रूप से सूर्य उत्तरायण 22 दिसम्बर को प्रातः 8 बजकर 57 मिनिट पर हो चुका है । उस समय सूर्य मकर रेखा पर था । इसके बाद दिन की अवधि बढ़ने लगी है । सारिका ने जानकारी दी कि संक्रांति का अर्थ सूर्य का एक तारामंडल से दूसरे तारामंडल में पहुंचने की घटना है । सूर्य के चारों ओर परिक्रमा करती पृथ्वी एक साल में 360 डिग्री घूमती है । इस दौरान पृथ्वी के आगे बढ़ने से सूर्य के पीछे दिखने वाला तारामंडल बदलता जाता है । जब सूर्य धनु तारामंडल छोड़कर मकर तारामंडल में प्रवेश करता दिखता है तो इसे मकर संक्रांति कहा जाता है । इस वर्ष मान्यता के अनुसार यह 15 जनवरी को होने जा रहा है ।अभी से लगभग 1800-2000 वर्ष पूर्व मकर संक्रांति 22 दिसंबर के आसपास मानी जाती थी। उस समय संक्रांति और सूर्य उत्तरायण एक साथ होते थे। इसी गति और समय अन्तराल के बढ़ते क्रम के कारण यह संक्रांति अब 14-15 जनवरी तक आ गई है। लगभग 80 से 100 वर्ष में यह संक्रांति काल 1 दिन बढ़ जाता है। एक गणना के अनुसार एक साल में संक्रांति 9 मिनिट आगे बढ़ जाती है तथा 400 सालो में औसत रूप से 5.5 दिन आगे बढ़ जाती है ।अतः सूर्य का उत्तरायण तो 22 दिसम्बर को चुका है लेकिन पतंग और तिल गुड़ की मान्यता के साथ सूर्य की महिमा को बताने वाले आगे बढ़ते मकर संक्रांति पर्व को सोमवार को मनाने पूरे उल्लास के साथ हो जाईये तैयार ।

## खबर संक्षेप

### 15 जनवरी को निकलेगी राम धुन प्रभात फेरी

**आमला।** नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों के वार्डों मोहल्ले में प्रति सोमवार को प्रातः राम धुन प्रभात फेरी लगाई जाती है। यह फेरी समिति के द्वारा लगातार 21 वर्षो से निकाली जा रही हैं। समिति के द्वारा प्रत्येक वर्ष 15 जनवरी को महाप्रभात फेरी का आयोजन किया जाता हैं। इस आयोजन में नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों से राम फेरी के मंडल शामिल होकर इस आयोजन को भव्य रूप प्रदान करते हैं। इस बार भी नगर के इतवारी चौक में सुबह 7 बजे हजारो की संख्या में राम भक्त एकत्रित होंगे। यह रैली इतवारी चौक से शुरू होकर नगर के मुख्य मार्ग वार्डों गली मोहल्ले से होते हुए गुजरेगी जिसमे आम लोग राम भक्तों का पुष्प वर्षा से स्वागत भी करेंगे। इस फेरी का समापन खानापूर रोड पर स्थित भवानी लान में किया जाएगा।जिसमे प्रभात फेरी के ध्वज वाहक का सम्मान किया जाएगा। राम जन्म उत्सव समिति के लोगों के द्वारा 22 जनवरी को राम मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर जन जागरण का अभियान भी चलाया जा रहा हैं। जिसमे 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले कार्यक्रम के दिन लोग अपने घरों के आंगन में रंगोली उकेर दीप जलाने का आग्रह नगर की जनता से किया जा रहा है।

### जयेश ने नंबर वन रैंक की प्राप्त

**बैतूल।** दसवीं शिक्षा संभागीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में जयेश त्रिवेदी बैतूल ने राकेश सराठे नर्मदापुरम को फाइनल मैच 15-4,15-4 से हरा कर राज्य शिक्षा संभागीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में नंबर वन रैंक हासिल की। राज्य स्तरीय टीम में जयेश त्रिवेदी, संतोष गव्हाड़े आमला, उमेश कुरवाडे, राकेश सराठे का चयन हुआ। जयेश त्रिवेदी का चयन एजुकेशन स्टेट टेबल टेनिस टूर्नामेंट के लिए भी हुआ है। अब राज्य स्तरीय प्रतियोगिता सागर में खेली जाएगी। जयेश की इस उपलब्धि पर उनके ईष्ट मित्रों, परिजनों और खेलप्रेमियों ने बधाई दी है।

### कबड्डी, खो-खो में जमकर खेले बच्चे

**बैतूल।** सूर्य नमस्कार के अवसर पर सह पाठ्यक्रम के तहत शारीरिक व मानसिक लाभ के लिए सूर्यनमस्कार की क्रियाएं करने के उपरांत कबड्डी, खो-खो व दौड़ प्रतियोगिता में गौठाना स्कूल के बच्चों ने जमकर प्रदर्शन किया। जिसमें 100, 200 मीटर की दौड़ के साथ कबड्डी में उत्साह के साथ हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता मिथलेश धुर्वे, अश्विनी माकोड़े, फराह शाह व तनुश्री ने प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर विजेता छात्र-छात्राओं को शाला प्रबंधन समिति के द्वारा सम्मानित किया गया। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रमेश चौकीकर और खेल शिक्षक मदनलाल डढोरे ने कहा कि बच्चों को शैक्षणिक गतिविधि के साथ खेल में भी सहभागिता करना चाहिए। जिससे उनका सर्वागीण विकास होता है और आत्मविश्वास में वृद्धि होती है। इस मौके पर जयश्री मेश्राम, तनवीर खान, मोनिका वर्मा, मदनलाल डढोरे, मंगला साबले, श्वेता निरापुरे, नेहा उबनारे, किरण चौधरी सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि व पालक एवं शाला प्रबंधन समिति सदस्य मौजूद थे।

### आईटीआई में खेलकूद प्रतियागिताएं आयोजित

**बैतूल।** शासकीय एकलव्य महिला आईटीआई बैतूल में राष्ट्रीय युवा दिवस एवं मकर संक्रांति उत्सव के अंतर्गत शनिवार को विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। जिसमें प्रशिक्षणार्थियों ने बढ़-चढक़र भाग लिया। प्राचार्य रेवाशंकर पंडाग्रे ने बताया महिला वर्ग में 100 मीटर दौड़ में कु.सोनम सिरसाम प्रथम, कुलता उइके द्वितीय एवं कु. नेहा फेण्ड्रा तृतीय स्थान पर रही। इसी तरह 200 मीटर दौड़ में कु. मोनिका यदुवंशी प्रथम, कु सुविधा अहाके द्वितीय एवं कु. पलक कुंभारे तृतीय स्थान पर रही। पुरूष वर्ग में 100 मीटर दौड़ में गोविंद नामदेव प्रथम, सचिन वाड़िवा द्वितीय एवं अमिरचंद वरकड़े तृतीय स्थान पर रहे। 200 मीटर दौड़ में गांविंद नामदेव प्रथम, कु. सचिन वाड़िवा द्वितीय एवं रोहित मर्सकोले तृतीय स्थान पर रहे। भाला फेंक (महिला) में कुराखी यादव प्रथम, कु बाली उईके द्वितीय एवं कु.साक्षी धुर्वे तृतीय स्थान पर रहीं।

## ग्रामीणों ने जताई नाराजगी, मरम्मत के नाम पर भी कर रहे लीपापोती

# अनदेखी: मोबाइल कंपनी के कर्मचारी सड़क खोदकर बिछा रहे हैं केबल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भैंसदेही

मोबाइल कंपनी ने लाइन बिछाने सीसी सड़क को तहस-नहस कर दिया। जिससे ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों का आरोप है कि मोबाइल कंपनी गांव के बाहर से भी लाइन बिछा सकती थी, लेकिन राशि बचाने के चक्कर में गांव के अंदर नालियां खोदकर केबल बिछाया जा रहा है।

जिसकी अनुमति भी पंचायत से नहीं लिये जाने की बात कहीं जा रही है। दरअसल चिल्कापुर पंचायत में एक मोबाइल कंपनी द्वारा केबल बिछाने का काम किया जा रहा है। मोबाइल कंपनी के कर्मचारियों ने गांव के बाहर से केबल ले जाने के बजाए जेसीबी से गांव के अंदर सी सी सड़क व किनारे नालियां खोदी है। नाली से निकलने वाली मिट्टी भी सडक़ पर डाल दी है। जिससे वाहनों का आना-जाना मुश्किल हो गया है। सडक़ पर मिट्टी डालने से ज्यादा परेशानी ट्रेक्टर चालकों को उठाना पड़ रहा है। नालियों के कारण किसान गांव के अंदर से ट्रेक्टर खेत तक नहीं ले जा पा रहे है। ग्रामीणों का आरोप है कि नालियों की खुदाई के कारण सडक़ भी तहस-नहस हो गई है। इन सडक़ों की मरम्मत में भी



लीपापोती की जा रही है। जिसकी जांच और कार्रवाही होना चाहिए। इस संबंध में जनपद सीईओ को फोन लगाया, लेकिन हमेशा की तरह उन्होने फोन रिसीव नहीं किया।

### एक महीने पहले भी विरोध

एक महीने पहले भी ग्रामीणों ने सड़क खोदकर नाली किये जाने और केबल बिछाने का विरोध किया था। जिसके बाद कंपनी के कर्मचारियों ने काम बंद कर दिया, लेकिन अब फिर से मोबाइल कंपनी के कर्मचारियों ने गांव के अंदर से सड़क खोदना शुरू कर दिया है। जिससे ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ रही है। ग्रामीणों ने पंचायत पर भी आरोप लगाया है कि पंचायत भी मोबाइल कंपनी के कर्मचारियों की मनमानी के खिलाफ कोई एक्शन नहीं ले रही है। जिसके कारण कर्मचारी मनमाने ढंग से सड़क खोद रहे है। सड़क खोदने के बाद अच्छे से मरम्मत कार्य भी नहीं किया जा रहा है। जिससे खोदी गई सड़क फिर से उखड़ जायेगी।



### घर से निकलना हुआ मुश्किल

गहरी नाली खोदे जाने से ग्रामीणों का घर से निकलना मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि कंपनी के कर्मचारियों द्वारा इतनी गहरी नाली खोदी जा रही है कि उसमें बच्चों के गिरने का भी डर रहता है। नालियां घर के सामने से खोदी गई है। जिसके कारण चौबीस घंटे बच्चों को देखना पड़ता है कि कहीं बच्चे नाली में न गिर गये। इसके अलावा बड़े-बुढों को भी नाली के ऊपर से छलांग लगाकर आना-जाना पड़ रहा है। नाली से क्रॉस होने में ज्यादा दिक्कते महिलाओं को उठानी पड़ रही है। ग्रामीणो ने उक्त कार्य पर रोक लगाने की मांग जिला प्रशासन से की है।

**नोटिस जारी करेंगे...**

गांव के अंदर से सड़क खोदकर कैसे केबल डाला जा रहा है। मोबाइल कंपनी के कर्मचारियों के खिलाफ नोटिस जारी किया जाएगा।

**महेश कुमार बमनहा,** एसडीएम, भैंसदेही

## 'पौधारोपण कर व उसे बनाएं वृक्ष'

# स्वयंसेवकों ने पौधारोपण कर मनाया जन्मदिन




**बैतूल।** सेवा कार्य या पर्यावरण संरक्षण कर अपने जन्मदिन को यादगार बनाया जा सकता है। राष्ट्रीय सेवा योजना के दलनायक स्वयंसेवक आयुष घिडोडे, किरण कोडले और निशु पावर ने अपने जन्मदिन पर कॉलेज परिसर में अनेक प्रजातियों के फलदार और छायादार पौधों का रोपण किया। पौधारोपण कार्यक्रम प्राचार्या डॉ.विजेता चौबे, रासेयो जिला संगठक डॉ.सुखदेव डोंगरे, कार्यक्रम अधिकारी डॉ.जीपी साहू, डॉ.शीतल खरे की उपस्थिति में किया गया।

इस मौके पर डॉ.विजेता चौबे ने कहा कि पौधारोपण करे व उसे वृक्ष बनाने का संकल्प ले और उसे पूर्ण करें। डॉ.गोपाल प्रसाद साहू ने कहा की आयुष, निशा और किरण ने अपने जन्म दिवस के अवसर पर पौधारोपण कर सराहनीय कार्य किया है। डॉ.सुखदेव डोंगरे ने कहा कि एनएसएस स्वयंसेवको की यह एक अच्छी पहल है इसका सभी को अनुकरण करना चाहिए। पर्यावरण संरक्षण आज की महत्ती आवश्यकता है।

इस अवसर पर स्वयंसेवक नवीन नागले, दुर्गाप्रसाद मारले, अमित मालवीय, कोमल देशमुख, आंचल महोबे, मुस्कान, बडखाने किरण उईके, आयुष नागोरे, रोहित परते सिकंदर कवडे, संदीप धुर्वे अजय उईके, गंगाधर, समीर पांसे, नेहा किरोदे, रंजीत कासदे,पूजा ईवने निशा किरोदे, शिवानी सोलंकी, आरती ककोडीया रवीना सलाम, प्रमिला परते, रिया खातरकर, कुणाल केकतपूरे, सीमा उईके, छात्रप्रभा, में सत्कार गंगा बुडगारिया, पूजा सियार, सिद्धार्थ यादव आदि मौजूद थे।

## अंबेडकर कॉलेज में मनाई स्वामी विवेकानंद जयंती



**बैतूल।** बीआर अंबेडकर शिक्षा महाविद्यालय में स्वामी विवेकान्द की जयंती युवा दिवस के उपलक्ष्य में सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं योग-प्राणायाम सामूहिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के विशाल सभागार में संचालक इंजी. ध्रुवप्रकाश अग्रवाल ने स्वामीजी की फोटो पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वामी विवेकान्दजी सदैव युवाओं के प्रेरणास्त्रोत रहे हैं। कार्यक्रम में बी.एड. स्कालर्स गौरव सोनी ने -स्वामी विवेकानन्द युवाओं के लिए शाश्वत प्रेरणा- विषय पर भाषण दिया। उन्हें प्रथम पुरस्कार स्वरूप प्रशस्ति पत्र एवं मेडल से सम्मानित किया गया। श्री सोनी ने कहा कि कर्म करते रहो, फल की चिंता नही करनी चाहिए, मनुष्य ही ईश्वर है। मानवता से बढ़ा कोई धर्म नहीं है। इस अवसर पर वरिष्ठ व्याख्याता सुनील वर्मा ने कहा कि स्वामीजी का जीवन राष्ट्र के उत्थान के लिए समर्पित रहा।

उन्होंने पूरे विश्व में भारत के धर्म एवं संस्कृति का प्रचार-प्रसार किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. देशमुख ने कहा कि स्वामी विवेकानंद भारतीय दर्शन को विश्व पटल पर रखने वाले महान नायक है। वह प्रभावशाली आध्यात्मिक गुरू एवं युवाओं के शक्तिपुंज है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. गावंडे ने करते हुए कहा कि रविन्द्रनाथ टैगोर ने कहा कि यदि भारत को जानना चाहते है तो विवेकानंद को जरूर पढ़ें।

### ताप्ती पदयात्रा का कल गुजरात से शुभारंभ

**बैतूल।** मां ताप्ती परिक्रमा पदयात्रा सेवा समिति इस वर्ष ताप्ती संगम स्थित हजीरा (गुजरात)से उद्गम स्थल के लिए यात्रा कल 15 जनवरी को प्रारंभ होगी जो 17 फरवरी को मुलताई उद्गम स्थल संपन्न होगी। केके पांडे और जितेन्द्र कपूर ने बताया कि पदयात्री गुजरात के लिए एवं यात्रा की व्यवस्था के लिए ताप्ती रथ व एक वाहन जिसमें यात्रियों का आवश्यक सामान, चुनरी, प्रसादी आदि की व्यवस्था के साथ रवाना हुए। बैतूल से गुजरात रवाना होने से पूर्व ताप्ती भक्तों ने दोनो यात्रा वाहन, रथ का पूजन कर विदा किया। अशोक दीक्षित व प्रीति दीक्षित ने पूजन कर समिति के रथ को 121 साड़ियां भेंट की। इस अवसर पर अरूण सिंह किलेदार, ब्रजभूषण पांडे, सुभाष कालभोर, राम कुमार किरार, बंटी देशमुख, राजेश दीक्षित, सरला पांडे आदि मौजूद थे।



## एक ही प्रीमाइसेस में संचालित हो सदर सब्जी बाजार: खंडेलवाल

### अलग बनाये कवर्ड मीट मार्केट

**बैतूल।** बैतूल शहर को व्यवस्थित, सर्वसुविधायुक्त सुंदर और सवच्छ बनाने के लिए बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल ने शनिवार सुबह राजस्व एवं नपा अफसरो के साथ शहर के विभिन्न क्षेत्रो का दौरा किया। सदर सब्जी बाजार क्षेत्र का भ्रमण कर उन्होने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सदर सब्जी बाजार एक ही प्रीमाइसेस में संचालित करना सुनिश्चित करें जिससे आम जन को सुविधा हो। उन्होने कवर्ड मीट मार्केट अलग बनाने तथा मीट की सभी दुकाने मीट मार्केट में संचालित करवाने के निर्देश दिए।

## वासनिक के जन्मदिन पर 'मेरे राम हैं केसरिया' एलबम का विमोचन



**बैतूल।** नगर पालिका बैतूल के सीनियर ऑडिटर बंटी वासनिक के जन्मदिन के अवसर पर उनके अभिन्न साथी फिल्म प्रोड्यूसर अक्षय गोठी द्वारा तैयार म्यूजिक एल्बम-मेरे राम है केसरिया, अयोध्याधाम है केसरिया--का विमोचन क्षेत्रीय सांसद दुर्गादास उईके और बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल के हस्ते स्थानीय शिवाजी ओपन ऑडिटोरियम में किया गया। इसी दौरान शिवाजी ओपन ऑडिटोरियम में श्री वासनिक का जन्मदिन उनके साथियों एवं प्रशसंकों द्वारा उनसे केक कटवाकर मनाया गया। इस अवसर पर उन्हें सांसद दुर्गादास उईके, विधायक हेमंत खंडेलवाल और नपाध्यक्ष पार्वतीबाई बारस्कर सहित सभी ने जन्मदिन की शुभकामनाएं एवं बधाइयां दी। इसके बाद श्री वासनिक का जन्मदिन नगर पालिका बैतूल के सभाहाल में नपा कर्मियों द्वारा पुनः केक काटकर मनाया, जहां नपा कर्मियों ने उन्हें शुभकामनाएं दी। इस दौरान नपाध्यक्ष पार्वती बारस्कर, पूर्व नपा अध्यक्ष आनंद प्रजापति, वरिष्ठ पत्रकार आनंद सोनी, राधेश्याम सिन्हा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## उभारिया में स्कूल में नहीं है छत बाहर बैठकर पढ़ने को मजबूर छात्र

### योजनाओं का नहीं मिल रहा लाभ फिर कैसा हो विकास...?





**मुलताई।** ग्राम उभारिया के स्कूल पर बरसों से छत नहीं है। बच्चे बाहर बाहर बैठकर पढ़ने को विवश है। ग्राम में राशन दुकान नहीं है, आयुष्मान कार्ड का लाभ पात्र होने के बाद में भी ग्रामीणों को नहीं मिल रहा है। विकास यात्राएं ग्राम में आती हैं समस्याएं लिखती हैं चल जाती है। किंतु कोई हल नहीं निकल पाता यह व्यथा है ग्राम उभारिया के ग्रामीणों की जो आज उभारिया पहुंची संकल्प एवं विकास यात्रियों को ग्रामीणों ने सुनाई। संकल्प यात्रा के साथ जनपद अध्यक्ष नान्ही बाई एवं अधिकारी कर्मचारी संकल्प यात्रा के साथ ग्राम उभारिया पहुंचे थे, जहां यात्रियों को ग्राम की समस्याओं को लेकर ग्रामीणों के आक्रोश का सामना करना पड़ा। ग्राम उभारिया के पूर्व सरपंच तकिउल हसन रिजवी ने कहा कि हम आजादी का 75 वां अमृत उत्सव बना रहे हैं किंतु ग्राम के हालात यह हैं कि, यहां स्कूल भवन पर छत नहीं है। बच्चे बाहर बैठ कर अध्ययन करने को विवश है। माइक्रोफाइनेंस कंपनी गरीब ग्रामीण महिलाओं को 12% ब्याज पर लोन उपलब्ध करा रही है जिससे महिलाएं आत्मनिर्भर बनने के बजाय अपनी मेहनत की गाड़ी कमाई इन माइक्रो कंपनी की तीजोरी भरने पर विवश है। ग्राम में हर बार विकास यात्राएं आती है और ग्राम की समस्याओं के समाधान का आश्वासन देकर चली जाती है जब ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान ही नहीं हो पा रहा है तो ऐसी यात्राओं का क्या औचित्य। धनराज साहू पूर्व सरपंच, वर्तमान सरपंच नामदेव, उपसरपंच लक्ष्मी धुर्वे, सुखदेव सोलंकी, देवराव वरवड़े, बबलु पवार आदि ने अपने ग्रामों की मूलभूत समस्या बताते हुए संकल्प यात्रियों से पूछा कि जब हमारी समस्याओं का समाधान ही नहीं हो पा रहा है तो फिर इन यात्राओं का क्या मतलब ग्राम में तीन ऐसे लोग हैं जिनके पास आयुष्मान कार्ड है किंतु जब इलाज करने पहुंचे तो उसका लाभ नहीं मिला। राशन दुकान कई दिनों से बंद है ग्रामीणों को राशन नहीं मिल पा रहा है । संकल्प यात्रा में पहुंचे अधिकारी कर्मचारियों ने ग्राम की समस्याओं से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराने का आश्वासन दिया और कार्यक्रम समाप्त कर चल दिए।

## महायज्ञ के लिए घर-घर दे रहे आमंत्रण



### 144वां महायज्ञ करा रहे सीताराम दादाजी

**बैतूल।** श्रीराम लला के पावन तीर्थ अयोध्या धाम में विराजित होने के उपलक्ष्य में आगामी 30 जनवरी से खंजनपुर में मालवीय, शिवाजी एवं विकास वार्ड राम भक्तों द्वारा श्रीराम महायज्ञ एवं संगीतमय श्रीराम कथा का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत यज्ञ स्थल पर यज्ञ मंडप एवं अन्य तैयारियां 144वां महायज्ञ करा रहे परम पूज्य सीता दादा जी के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। जिसमें मानस पुंज राष्ट्रीय संत भगवान शारण बापू पीठाधीश्वर श्याम बालाजी धाम उज्जैन के मुखारविंद से नौ दिवसीय राम कथा का वाचन किया जाएगा। जिसमें अधिक से अधिक श्रद्धालुओं को आमंत्रित करने के लिए समिति के सदस्य शहर में घर-घर पहुंचकर यज्ञ के लिए आमंत्रित कर रहें हैं। यज्ञ समिति के डीएस पटेल, कायम कोरे, आभा श्रीवास्तव, मदनलाल डढोरे, अमित प्रजापति, रमेश मालवीय, विजय पाल, महेश सोनी, रितेश मालवीय, पप्पू यादव, संजय भावसार, दीपक श्रीवास्तव आदि दे रहें हैं निमंत्रण।

## जिला कलेक्टर के आदेश के बाद सीमांकन शुरू, समतलीकरण भी प्रारंभ

# फैसला: पुरानी नागपुर रोड पर लगेगा साप्ताहिक बाजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

आग्ल स्कूल की भूमि पर स्टेट बैंक के सामने लगने वाला साप्ताहिक बाजार अब कब्रिस्तान के समीप से गुजरने वाले पुराने नागपुर रोड पर लगाया जाएगा । 80 फीट चौड़े इस पुराने नागपुर रोड मार्ग पर सुविधाजनक रूप से साप्ताहिक बाजार लगाया जा सके इसकी तैयारियां प्रारंभ हो गई है। शनिवार को राजस्व एवं नगर पालिका के अमले ने प्रस्तावित बाजार स्थल पर पहुंचकर सीमांकन किया वहीं दूसरी ओर नगर पालिका ने समतरीकरण कार्य पर भी प्रारंभ कर दिया है। राजस्व सीमांकन दल में शामिल कामथ एवं मुलताई पटवारी मुकेश भारत सोवेत धुर्वे ने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों के आदेश से उनके द्वारा सीमांकन की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है और जिन लोगों का अतिक्रमण पाया गया है उनकी सूची बनाकर अग्रिम कार्रवाई हेतु वरिष्ठ अधिकारियों को सौंप जाएगी।

### जिला कलेक्टर ने दिए थे आदेश

बता दे की हाल ही में मुलताई दौरे पर आए जिला कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी ने नगरी क्षेत्र की सीमा से लगी पांच स्थानो की शासकीय भूमियों का जायजा लिया था जिसमें से स्थान की उपलब्धता एवं नगर के समीप होने के कारण उक्त स्थल का चयन साप्ताहिक बाजार के लिए किया गया है। जिसका सीमांकन के बाद नगर पालिका द्वारा समतलीकरण कार्य भी प्रारंभ कर दिया गया है। नगर पालिका के उपयंत्री योगेश अनेराव ने बताया कि अभी समतलीका कार्य प्रारंभ कर दिया गया है किंतु यहां अनेक स्थानों पर भरन भी किया जाना है संपूर्ण क्षेत्र का संथलीकरण करके व्यवस्थित बाजार लगाने योग्य बनाने के लिए लगभग एक सप्ताह का समय लग सकता है।





### नगर की बड़ी समस्या का हो रहा है समाधान

मुलताई नगर वासी लंबे समय से आग्ल स्कूल भूमि पर लगने वाले साप्ताहिक बाजार का स्थान परिवर्तन करने की मांग करते आ रहे हैं। स्थान परिवर्तन करने का बड़ा कारण यह है कि एक तो यह शाला की स्कूल ग्राउंड की भूमि है दूसरा स्कूल के सामने लगने वाला मिर्ची बाजार के कारण स्कूल बच्चों को को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है इसके साथ ही अब यह साप्ताहिक बाजार 10 फीट मार्ग को छोड़कर के चारों ओर से पूरी तरह से बंद हो गया है जिसके कारण अगर कभी बाजार में कोई दुर्घटना या भगदड़ होती है तो गंभीर हादसा हो सकता था और सबसे बड़ी समस्या यह थी कि साप्ताहिक बाजार में पार्किंग व्यवस्था नहीं थी और साप्ताहिक बाजार के दिन मुख्य मार्ग पर खड़े वाहन आवागमन बाधित कर देते थे जिससे अब निजात मिल सकेगी बशर्त की नगर पालिका साप्ताहिक बाजार स्थल को व्यवस्थित रूप दे। बाजार में पानी निकासी की व्यवस्था हो, शौचालय बनाया जाए, पेयजल की व्यवस्था की जाए, मार्ग निर्माण के साथ ही व्यापारियों के लिए निर्धारित प्लाटिंग की जाए।

**प्रक्रिया प्रारंभ की है...**

जिला कलेक्टर के आदेश पर साप्ताहिक बाजार स्थान परिवर्तन की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। भूमि सीमांकन के आदेश दिए गए हैं, सीमांकन के बाद अतिक्रमण चिह्नित कर सूची बनाकर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

**अनामिका सिंह,** तहसीलदार मुलताई

### राष्ट्रीय सनातन धर्म मंच की जिला कार्यकारिणी गठित

**बैतूल।** राष्ट्रीय सनातन धर्म मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश राणौत, राष्ट्रीय वरिष्ठ प्रभारी ऋ षि राम सरले, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, उत्तर प्रदेश प्रभारी अमित गुप्ता, उत्तर प्रदेश प्रभारी अमित गुप्ता, उत्तर प्रदेश प्रदेश मंत्री सोनू सिंह मोदी, चित्रकूट जिला अध्यक्ष कृष्ण प्रताप ,राष्ट्रीय महामंत्री धोनी श्रीवास /एवं सनातन धर्म मंच मध्य प्रदेश प्रदेश संगठन मंत्री पंकज सोनी एवं राष्ट्रीय कोर कमेटी, राष्ट्रीय सह अनुशासन मंत्री प्रकाश वंजारे की अनुशंसा से राष्ट्रीय सनातन धर्म मंच की जिला कार्यकारिणी घोषित की गई है। जिला मीडिया प्रभारी संदीप सोलंकी ने बताया कि बिल्लो पवार नर्मदा पुरम संभाग प्रभारी, भाग्यश्री तालमपुरिया जिला अध्यक्ष बैतूल, संगीता ठाकुर (तुलसी) जिला प्रभारी, शारदा महले जिला उपाध्यक्ष, सरिता ठाकरे जिला उपाध्यक्ष, चांदनी नामदेव जिला उपाध्यक्ष, सरोज पवार जिला संयोजक, संतोषी बदेवार सह संयोजक, कीर्ति नामदेव नाम नगर अध्यक्ष, गंगोत्री सोलंकी नगर उपाध्यक्ष, ज्ञानेश पटने नगर अध्यक्ष बैतूल को नियुक्त किया गया है।

### मैन आफ द सीरीज, मैच और बेस्ट बैट्स मैन रहे पवन माही

# आतंक इलेवन पिपरिया को हराकर अंकित इलेवन करनपुर जीता

विधायक कप सीजन 1 का शनिवार को समापन समारोह खिडिया मैदान शोभापुर में हुआ। माही के तूफानी 94 रन की बदौलत अंकित इलेवन ने 12 ओवरों में 164 रन का पहाड़ सा स्कोर दिया ।




हरिभूमि न्यूज ⏭ शोभापुर

भाजपा मंडल शोभापुर के आयोजन में आयोजक मंडल अध्यक्ष ललित पटेल वा सचिन पुर्विया द्वारा विधायक कप सीजन 1 का शनिवार को समापन समारोह खिडिया मैदान शोभापुर में हुआ। खेले गए सेमी फाइनल में करन पुर ने दानिश इलेवन को हराते हुए फाइनल में जगह बनाई जिसके बाद उनके ऊपर स्थानीय दर्शकों के बीच खिताब जीतने का अतिरिक्त दबाव था । और यह दबाव पहले खेलने उतरी करणपुर के शुरुवाती 3 विकेट सस्ते में गिरने से आसनी से भांपा जा सकता था लेकिन पवन दुबे माही के तूफानी 94 रन की बदौलत अंकित इलेवन ने 12 ओवरों में 164 रन का पहाड़ सा स्कोर दिया । जवाब में विपक्षी टीम पूरे मैच में फ्लो में नही दिखी । नियमित अंतराल में उनके विकेट गिरते रहे और वह सिलसिला अंतिम विकेट तक चलता रहा । और इस तरह अंकित इलेवन करनपुर ने खिताब पर कब्जा किया । आतंक इलेवन पिपरिया 70 रनो से हारकर खिताब की उपविजेता रही । समापन समारोह में मैन ऑफ दा मैच , बेस्ट बैट्स मैन पवन माही , बेस्ट बोलर साजिद , बेस्ट , विशिष्ट सहयोग हेमंत पटेल , बेस्ट अंपायर राघवेंद्र पटेल और मनु पटेल , कॉमेंट्री के लिए बादशाह खान , आशीष आचार्य , पत्रकार सहयोग संदीप चतुर्वेदी इत्यादि रहे । विजेता को 55555 रूपए और उपविजेता को 25525 रुपए के साथ ट्राफी उपस्थित अतिथियों द्वारा दी गई । समापन समारोह के अवसर पर विद्यायक ठाकुर विजयपाल सिंह ने विजेता और उपविजेता टीमों को बधाई , सचिन को टूर्नामेंट कराने के लिए धन्यवाद तो 22 जनवरी में अयोध्या में हो रही प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर अपनी नगरी को दुल्हन की तरह सजाने की उम्मीद के साथ आतिशबाजी के साथ यह त्योहार मनाने की अपील की । ललित पटेल ने सभी अतिथियों का आभार वा खिलाड़ियों को बधाइयां प्रदान की ।समापन समारोह में विद्यायक ठाकुर विजयपाल सिंह, सविता दीवान शर्मा, सुरेश पटेल , ललित पटेल , आकाश रघुवंशी , विनीत भार्गव , सुदीप दुबे , यशवंत पटेल , नन्हू छा , भगवान सिंह पटेल , शरद दुबे , राघवेंद्र आचार्य , कमलेश आचार्य , नरेंद्र सिंह पटेल , रामबाबू रघुवंशी , चंद्र गोपाल भार्गव , विनीत भार्गव , प्रदीप ठाकुर , नारायण सिंह पटेल , चन्दन सिंह , मनीष जैन , रमजान शाह , रामबाबू पटेल इत्यादि उपस्थित रहे ।

# सरपंच पति के इशारों पर परिवहन किए जा रहे थे बफर जोन के पत्थर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरीहरचंद




विगत 11 जनवरी को वन विस्थापित ग्राम नया चूरना के सरपंच पति के इशारे पर बड़ा मालिनी ग्राम के बफर जोन के कक्ष क्रमांक 187 से बड़े-बड़े पत्थर निकाल कर तीन ट्रैक्टर ट्रालियों में भरकर अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा था मीडिया कर्मियों के संज्ञान में आने के बाद वन विभाग के अधिकारियों द्वारा उक्त तीनो ट्रैक्टर ट्रालियों को वन मंडल कार्यालय सोहागपुर ले जाया गया जहां पत्थरों की जप्ती की कार्रवाई की गई। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत चूरना के सरपंच पति के इशारों पर चलती है। आश्चर्यजनक बात यह है कि वन विस्थापित ग्रामों के निवासी जन्म से ही सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के वन ग्रामो में रह रहे थे क्या उन्हें वन संपदा का महत्व एवं वन विभाग के नियम कानून की जानकारी नहीं है और ग्राम पंचायत की सरपंच एवं उनके पति तो शिक्षित हैं फिर वह क्यो पत्थरों का अवैध उत्खनन एवं परिवहन करवा रहे थे। इस संबंध में सरपंच से बात करनी चाही तो उनका मोबाइल स्विच ऑफ आ रहा था।

**इनका कहना है**

ग्राम बड़ा मालिनी के पास से तीन ट्रैक्टर ट्राली भरकर पत्थर जब्त किए गए हैं ट्रैक्टर ट्राली एवं पत्थर कार्यालिय में है वन संपदा की अवैध उत्खनन एवं परिवहन की कार्रवाई की गई है अभी और भी जांच जारी है जब से जब्ती पंचनामा बनाया गया है तब से सरपंच से संपर्क नहीं हो पा रहा है।

**सुमित पांडे,** वन परिक्षेत्र अधिकारी सामान्य सोहागपुर

बड़ा मालिनी के पास कक्ष क्रमांक 187 से तीन पत्थरों से भरे ट्रैक्टर ट्रालियों को जब्त कर अवैध उत्खनन एवं अवैध वन संपदा परिवहन की कार्यवाही की गई है जांच होने में लगभग दो माह का समय लग जाएगा सरपंच द्वारा बताया गया है कि निर्माण कार्य के लिए पत्थरों का परिवहन किया जा रहा था।

**रचना शर्मा,** एसडीओ वन विभाग सोहागपुर

# 12 लाख की लागत से टीन शेड व मकान का जीर्णोद्धार



हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

छावनी परिषद पचमढ़ी द्वारा स्थानीय मुस्लिम कब्रिस्तान में लगभग 12 लाख रुपये की लागत से किए जा रहे टीन शेड एवं मकान के जीर्णोद्धार के कार्य की शुरुआत शनिवार को पूर्व उपाध्यक्ष छावनी पारिषद अनीस खान एवं पार्षद वार्ड हुज़ैफा हकीमुद्दीन बोहरा की मौजूदगी में हाफ़िज़ साहब मोहम्मदी मस्जिद ने फातिहा खानी कर की। कार्यक्रम में सदर अंजुमन कमेटी ज़फ़र शकील, अलीम कुरेशी, पूर्व मंडल अध्यक्ष नफीस खान, एजाज खान, हाजी आबिद अंसारी, कब्रिस्तान कमेटी के फारूक भाई,जनाब शकील अंसारी, जनाब आबिद कुरेशी,सफदर भाई, जनाब इम्तियाज कुरेशी, फारूक भाई, नदीम, छावनी ठेकेदार रेवाशंकर जायसवाल उपस्थित रहे एवं सभी समाजजनों ने गेती चला कर काम शुरू किया।

## सोहेल ने अंडमान में दिखाया फुटबॉल का हुनर



**पचमढ़ी।** मप्र स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित 67 वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता अंडमान निकोबार में आयोजित हुई। जिसमें फुटबॉल में सीएम राइज विद्यालय पचमढ़ी के होनहार छात्र सोहेल कुरैशी ने सहभागिता की एवं उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए अंडर 17 आयु वर्ग में मप्र चौथा स्थान पर रही। सोहेल कुरेशी के भाई आसिफ एवं शारीक भी उत्कृष्ट खिलाड़ी रहे हैं। राष्ट्रीय प्रतियोगिता चयनित होकर नगर का नाम रोशन किया। नगर आगमन पर सोहेल का भव्य स्वागत फूल माला मिठाई एवं ढोल बाजों के साथ नगर में भ्रमण कराया खिलाड़ियों एवं गणमान्य नागरिकों ने शुभकामनाएं प्रदान की इस अनुपम उपलब्धि से नगर में हर्ष का माहौल है ।

# बच्चे परीक्षा के भय से मुक्त हो: बीके आकृति




हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

प्रजापिता बह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय माखन नगर द्वारा शासकीय उमा स्कूल खाड़ादेवरी, शासकीय उमा स्कूल शिवपूर,शास माडल स्कूल माखन नगर में परीक्षा मित्र प्रोजेक्ट कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें बीके आकृति दीदी ने कार्यक्रम के उद्देश्य को स्पष्ट किया और साथ ही उन्होने बच्चो को परीक्षा के भय से कैसे मुक्ति हो इस पर प्रकाश डाला और कहा कि जब हमारी एग्जाम की तैयारी अच्छी नहीं होती है तो जैसे- जैसे परीक्षा का समय नजदीक आता है तो हमारा डर भी बढ़ता जाता है तो हम डरने के बजाय पढ़ाई पर ध्यान दें क्योंकि डर सच में होता नहीं है ये हमारे मन की कल्पना है जिसे हम ने सोच सोच कर सत्य मान लिया है। साथ ही बच्चों को एक्टिविटी काराईं। बीके निर्मीला बहन द्वारा शपथ दिलाई गई साथ ही हमे रोज परमात्मा को सुबह सुबह आपने आप को पोजिटिव थाट्स देने है और परमपिता परमात्मा शिव को याद करके सोएं। बीके भारती बहन द्वारा राजयोग मेडिटेशन की विधि बताई गई और मेडिटेशन कराया। स्कूल के प्रिंसिपल टीएस ठकुर, अर्चना तिवारी, प्रीति झा ने कहा कार्यक्रम बहुत ही अच्छा है ऐसे कार्यक्रम समय-समय पर होते रहने चाहिए जिससे बच्चों को मोटिवेट मिले और अपने लक्ष्य को हासिल कर सके।

# विधायक ने नतमस्तक होकर जनता का माना आभार, विरोधियों पर साधा निधाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया




भाजपा विधायक ठाकुरदास नागवंशी को लगातार चौथी बार पिपरिया विधानसभा के मतदाताओं द्वारा विजय हासिल कराई। उसके बाद जनता के अनुसार मंत्रिमंडल में शामिल किए जाने की जनता की आकांक्षा थी लेकिन मंत्रिमंडल में शामिल न किए जाने के कारण विलंब से हुआ। आभार सभा का आयोजन सभा में पूर्ण रूप से नतमस्तक होकर जन आभार में शामिल हुए विधायक। विरोधियों पर बगैर नाम लिए ही विधायक ने अपने उद्बोधन में साधा निशाना उन्होंने कहा कि वह कभी उन विरोधियों को सम्मानित नहीं करेंगे और न ही उनके रहते उन्हें भाजपा में शामिल किया जाएगा। जिला अध्यक्ष माधव दास अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि जिन विरोधियों द्वारा भाजपा प्रत्याशी का विरोध किया उन्हें कभी बक्सा नहीं जाएगा। संगठन के अनुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वहीं विस प्रभारी नवनीत सिंह नागपाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि विगत 12 वर्षों के नपा के क्षेत्र में अध्यक्षों द्वारा करोड़ों रुपए के बिल सेनेटरी की सामग्री खरीदी के लगाए गए हैं। जबकि नीना नवनीत नागपाल के द्वारा अभी 16 से 20 लाख के ही बिल लगाए गए हैं। इससे स्पष्ट होता है कि नगर पालिका में बिलों को लेकर कितना फेर बदल किया गया है। इस तरह से विधानसभा प्रभारी जिला अध्यक्ष एवं विधायक के द्वारा विपक्षी दलों पर बगैर नाम लिए ही निशाना साधा गया तथा मंच के माध्यम से सार्वजनिक रूप से चेतावनी भी दी गई है। वर्ष विधानसभा का चुनाव पिपरिया में कांग्रेस और भाजपा के बीच नहीं हो रहा था बल्कि भाजपा ही भाजपा लड़ रही थी ऐसा प्रतीत हो रहा था कांग्रेस प्रत्याशी का तो सिर्फ नाम था चुनाव चिन्ह के कारण लेकिन इस बार पूरा चुनाव भाजपा ही भाजपा एक दूसरे के बीच में लड़ रही थी। वहीं पर विस प्रभारी नवनीत नागपाल ने कहा कि मतदाताओं ने ठाकुरदास को अच्छी विजय हासिल करा कर विरोधियों को करारा जवाब दिया है। इस तरह से अनेक आरोप विरोधियों पर लगाते हुए उन्हें आडे हाथों लिया गया। इस दौरान इस दौरान आभार सभा में जिला अध्यक्ष माधव दास अग्रवाल चौथी बार के विधायक ठाकुरदास नागवंशी, नपा अध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल, जिला समिति के सदस्य अरविंद राय, नपा पार्षदगण जनपद पंचायत के सभी जनपद सदस्य एवं सग्रामीण मंडल के अध्यक्ष प्रशांत रघुवंशी राजा भैया पटेल नगर मंडल अध्यक्ष बलराम ठाकुर सहित आदि मौजूद रहे।

## एक तरफा मुकाबले में भोपाल हारा

**पिपरिया।** लेदर बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता के आयोजन में दो मैच खेले गए पहले मैच में पिपरिया क्रिकेट अकादमी ने भोपाल रेलवे क्लब को 8 विकेट से पराजित किया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी होते हुए भोपाल टीम ने 20 ओवर में पांच विकेट होकर 166 रन बनाए। जिसके जवाब में पिपरिया की टीम ने में मात्र 18 ओवर में दो विकेट खोकर 167 के लक्ष्य को आसानी से हासिल किया। पिपरिया की ओर से 62 रन की पारी खेली जिनके साथ पिपरिया ने 52 रन से जीत दिलाई इस मैच में प्लेयर ऑफ द मैच सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रहे। सिवनी मालवा,नर्मदा पुरम के बीच खेले गए दूसरे रोमांचक मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए नर्मदा पुरम की टीम ने चार विकेट के नुकसान पर 172 रन का विशाल स्कूल खड़ा किया जिसमें माधव की 73 और राज मेहता की कवन रनों ने अर्धशतक की पारी खेली।

## विवेकानंद युवा मंडल ने की नर्मदा तट पर साफ-सफाई




सेमरी हरचंद। विवेकानंद युवा मंडल नगर इकाई सेमरी हरचंद ने चल रहे युवा सप्ताह के दूसरे दिन प्रांतीय अध्यक्ष प्रसन्ना हर्णे के निर्देशों पर सोहागपुर विधानसभा क्षेत्र के अध्यक्ष हर्ष माछीवाल के नेतृत्व में सेमरी हरचंद इकाई ने स्वच्छता अभियान के अंतर्गत मंडल के समस्त कार्यकर्ता ने सांगाखेड़ा खुर्द स्थित मां नर्मदा तट पर आने बाली मकर संक्रांति के दिन पधारने वाले श्रद्धालु भक्तो को कचरे एवं प्रदूषण का सामना न करना पड़े इसलीए सफाई अभियान का आयोजन किया गया। साफ सफाई में एकत्र हुए कचरे को नर्मदा तट से दूर सुरक्षित स्थान पर निस्तारित किया गया अभियान में विधानसभा क्षेत्र के अध्यक्ष हर्ष माछीवाल, संयोजक सतीश चौधरी, उपसचिव जयदेव अहिरवार, वकील पटेल, उमाशंकर केवट, केवल साहू, राजेंद्र पटेल एवं समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# विवेकानंद युवा मंडल विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में मनाएगा युवा सप्ताह

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर




विवेकानंद युवा मंडल नर्मदा पुरम विवेकानंद जयंती को युवा सप्ताह के रूप में मनाएगा। युवा सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम युवाओं को प्रोत्साहित करने हेतु आयोजित किए जाएंगे कार्यक्रम की रूपरेखा इस प्रकार से होगी प्रत्येक स्कूल में विवेकानंद व्याख्यान आयोजित किया जाएगा। इसमें विद्यार्थी स्वामी विवेकानंद जी के जीवन वृतांत पर व्याख्यान देंगे एवं सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी को पुरस्कृत किया जाएगा। द्वितीय दिवस शनिवार को विवेकानंद युवा मंडल सेमरी शाखा द्वारा स्वच्छता अभियान एवं पानी का उपयोग न करने हेतु अभियान चलाएगा। तृतीय दिवस 14 जनवरी को मकर संक्रांति के अवसर पर पतंग प्रतियोगिता का आयोजन जनपद ग्राउंड मालाखेड़ी में आयोजित किया जाएगा। चतुर्थ दिवस 15 जनवरी को जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरण का कार्यक्रम किया जाएगा। पंचम दिवस 16 जनवरी को हेलमेट लगाने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। सिस्टम दिवस 17 जनवरी को भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा।

## घर-घर बांटे जा रहे रामलला के दर्शन अक्षत निमंत्रण पत्र



**पचमढ़ी।** राम लला के दर्शन हेतु पूज्य अक्षत निमंत्रण कार्यक्रम नगर में जारी है। 22 जनवरी को नगर में दिपावली मनाने की तैयारी मे शहर जोर-जोर से लगा हुआ है। मन्दिरों में साजसज्जा, भजन कीर्तन, लाइव प्रसारण, प्रसाद वितरण की तैयारी। पचमढ़ी में अनोखे ढंग से निमंत्रण पत्र बांटे जा रहे हैं। जिसमें मधुर कीर्तन ढोलक हारमोनियम आदि वाद यंत्रों का सहारा लिया जा रहा है। शहर के लोग इस धार्मिक कार्य में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं।

**हरिभूमि की पहचान सबसे विश्वसनीय और निष्पक्ष अखबार के रूप में-बोले विधायक**

# विधायक ने किया हरिभूमि कैलेंडर 2024 का विमोचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी




क्षेत्रीय विधायक और मप्र विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष डॉ सीतासरन शर्मा ने शनिवार को लक्कड़गंज स्थित हरिभूमि कार्यालय इटारसी में नववर्ष 2024 कैलेंडर का विमोचन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हरिभूमि समाचार पत्र की पहचान क्षेत्र के सर्वाधिक विश्वसनीय और निष्पक्ष अखबार के रूप में है। हरिभूमि की सकारात्मक खबरे हमें कार्य करने की प्रेरणा देती है साथ ही सवालिया और नकारात्मक खबरे हमें कार्यों एवं योजनाओं में कमी के लिए सतर्क करती है। कैलेंडर विमोचन कार्यक्रम में किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष दर्शन सिंह चौधरी, नर्मदापुरम पत्रकार संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रमोद पगारे, नपाध्यक्ष पंकज चौरे, उपाध्यक्ष निर्मल राजपूत, वरिष्ठ समाजसेवी एवं व्यवसायी सत्यम अग्रवाल, नपा सभापति राकेश जाधव, मनजीत कलोसिया, विधायक प्रतिनिधि देवेंद्र पटेल, मनोज पोपली सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में ब्यूरोचीफ भूपेंद्र विश्वकर्मा ने सभी का आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया।

## दो पक्षों में मारपीट

**माखन नगर।** शनिवार को ग्राम गोरा के कोमल मीणा ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई कि मेरे घर के सामने बने खलियान में धान रखी हुई थी। गांव के ही संतोष अहिरवार, निलेश, रितेश धान की चोरी करने का प्रयास कर रहे थे। मैंने उन्हें जाकर पूछा कि धान क्यों भर रहे हो इस पर तीनों ने मुझे गालियां दी। मेरे साथ मारपीट की मैं चिल्लाया तो मेरी आवाज सुनकर सुनील और रामदास आए इन लोगों ने उनके साथ भी डंडे से मारपीट की पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना में दिया है। वहीं ग्राम के रोहित अहिरवार ने गांव के ही मयंक मीणा एवं कोदुलाल मीणा पर जाति सूचक शब्दों का का उपयोग कर गंदी-गंदी गालियां देना एवं डंडे से मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### चैम्पियंस की तरह खेले इटारसी के खिलाड़ी, सेल राउरकेला ने उत्तर रेलवे मुंबई को हराया

# सेल राउरकेला और डीएचए इटारसी फाइनल में

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड राउरकेला उड़ीसा और डीएचए इटारसी के मध्य कल हॉकी का खिताबी मुकाबला होगा। फाइनल मुकाबले में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं वर्तमान विधायक डॉ.सीतासरन शर्मा मुख्य अतिथि रहेंगे। समापन समारोह में कलेक्टर सुश्री सोनिया मीणा, नगर पालिका परिषद इटारसी के अध्यक्ष पंकज चौरे और मप्र तैराकी संघ के अध्यक्ष पीयूष शर्मा अतिथि रहेंगे। शनिवार को खेले गये दोनों सेमीफाइनल मैच में इटारसी की हॉकी प्रेमी जनता का भरपूर मनोरंजन हुआ। चारों टीमें एकदूसरे को कड़ी टक्कर दे रही थीं। अंततः फाइनल का टिकट सेल राउरकेला और डीएचए इटारसी को मिला। नपा के तत्वावधान में डीएचए नर्मदापुरम इटारसी द्वारा करायी जा रही अखिल भारतीय महात्मा गांधी मेमोरियल हॉकी प्रतियोगिता का फाइनल मैच रविवार, 14 जनवरी को दोपहर 2 बजे से ऐतिहासिक गांधी मैदान पर खेला जाएगा।

**सेमीफाइनल मुकाबले**

पहला सेमीफाइनल मुकाबला स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड राउरकेला उड़ीसा की टीम और सेंट्रल रेलवे मुंबई की टीम के मध्य खेला गया। मैच प्रारंभ से ही बहुत तेज चला। गोल करने का



पहला अवसर सेल की टीम को मिला जब अंकित ने गोल करके 1-0 से टीम को बढ़त दिलायी। अगले ही पल मुंबई के श्रीवास ने बराबरी का गोल कर दिया। सेल के खिलाड़ी सोनू ने दूसरा गोल करके मुकाबला 2-1 कर दिया। मुंबई रेलवे के निजाम ने गोल करके 2-2 से बराबरी कर ली। इसके बाद मुंबई ने दो और सेल राउरकेला ने चार गोल किये। अंतिम स्कोर 6-4 रहा और सेल की टीम फाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम बनी। दर्शकों को दूसरे मैच का बेसब्री से इंतजार रहा, जब उनको अपने शहर के खिलाडि़यों का चैम्पियंस की तरह खेलना देखना था। इटारसी के लड़कों ने भी निराश नहीं किया और उन्होंने दर्शकों की चाहत के अनुरूप ही खेल दिखाया। पहला गोल मैच के छटवे मिनट में मो. जैद ने शानदार मैदानी गोल करके एफसीआई पुणे की टीम पर 1-0 की बढ़त बना ली। टूर्नामेंट में काफी मजबूत मानी जा रही एफसीआई की टीम आज पूरे रंग में नहीं दिखी, हालांकि टीम को कई शानदार अवसर मिले जिन्हें वे भुना नहीं सके। टीम ने करीब आधा दर्जन मौके गंवाए। इटारसी के गोल कीपर ने कई बेहतरीन गोलों का बचाव किया। इटारसी टीम के शॉन गिडियन ने दूसरा गोल करके एफसीआई को संभलने का मौका ही नहीं दिया। पुणे की टीम ने अपना नेचुरल खेल दिखाया और तन्मय ने पहला गोल करके बढ़त को कम किया। तीसरे क्वार्टर में इटारसी के लड़कों ने अच्छा प्रदर्शन किया और मो. जैन के बेहतरीन पास को शॉन ने गोल में बदलकर बढ़त 3-1 कर ली। अंततः निर्धारित समय तक पुणे वापसी नहीं कर सकी और इटारसी ने यह मैच जीतकर वर्षों बाद फाइनल में प्रवेश किया। आज पूरा स्टेडियम दर्शकों से खचाखच भरा हुआ था।

# पर्यावरण सुरक्षा के लिए रैली व स्वच्छता जागरूकता अभियान का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी




शासकीय कन्या महाविद्यालय के द्वारा संचालित स्वच्छता एवं सफाई अभियान के अंतर्गत न्यास कॉलोनी एवं प्रकाश उद्यान में एनएसएस एवं एनसीसी की छात्राओं एवं प्राध्यापकों ने गाजर घास उन्मूलन कार्यक्रम आयोजित किया एवं स्वच्छता रैली में छात्राओं द्वारा स्वच्छता के नारे लगाकर जनमानस को सफाई एवं स्वच्छता का संदेश दिया गया। महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य मंजरी अवस्थी ने बताया कि पर्यावरण को अच्छी अवस्था में लाना एवं उसे हरा भरा बनाना ही हमारा मुख्य उद्देश्य है, जिससे हम पारीस्थितिकी तंत्र को सुरक्षित कर सकें। एनएसएस की प्रभारी डॉ. शिखा गुप्ता ने बताया की हमारे आसपास गंदगी एवं पॉलिथीन मुक्त करने की आवश्यकता है जिसमें प्रत्येक जनमानस को सहभागिता करने का कर्तव्य है। एनसीसी प्रभारी पूनम साहू ने बताया कि पर्यावरण की रक्षा करना हमारी जिम्मेदारी ही नहीं है, बल्कि यह एक मौलिक कर्तव्य है।

जिससे हम अपने गृह स्वयं और आने वाली पीढियां के लिए उज्जवल भविष्य सुनिश्चित कर सकते हैं। प्राणीशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. संजय आर्य ने बताया कि पर्यावरण जीवों के साथ-साथ मनुष्य के जीवन को नियंत्रित करता है, एक अच्छा पर्यावरण बीमारियों से बचाता है और जीवन रक्षा के लिए आवश्यक होता है। इस अवसर पर डॉ. हर्षा शर्मा, डॉ संजय आर्य, रविंद्र चौरसिया, डॉ शिरीष परसाई, स्नेहांशु सिंह, पूनम साहू, डॉ. श्रद्धा जैन, डॉ शिखा गुप्ता, डॉ. नेहा सिकरवार, हेमंत गोहिया, क्षमा वर्मा, तरुणा तिवारी, शोभा मीणा, प्रिया कलोसिया, करिश्मा कश्यप तथा छात्राएं उपस्थित थी।

## खबर संक्षेप

### गुर्जर बने प्रभारी



**हरदा।** भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नारायण सिंह कुशवाह की अनुशंसा व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा व संगठन मंत्री हितानन शर्मा की सहमति से सीए रामनिवास गुर्जर को पिछड़ा वर्ग मोर्चा में प्रधान मंत्री विश्वकर्मा योजना का प्रदेश प्रभारी नियुक्त किया है।

### 20 साल की युवती ने की आत्महत्या

**हरदा।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम छोटी में शुक्रवार रात 20 साल की लड़की ने सुसाइड कर लिया। माता-पिता ने सुबह देखा तो बेटी फांसी के फंदे पर लटकी मिली। शनिवार को जिला अस्पताल में पीएम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस के मुताबिक ग्राम छोटी हरदा में रहने वाली सविता पिता मनोहर सिंह कमरे ने शुक्रवार को घर के नीचे के कमरे में अज्ञात कारणों से फांसी लगा ली। सुबह परिजनों ने जब उठकर देखा तो वह फांसी के फंदे पर लटकी दिखाई दी। पुलिस ने सूचना के बाद शव को फंदे से उतारकर पीएम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया।

### व्यवस्था करने के निर्देश

**हरदा।** औद्योगिक इकाइयों, कारखानों, दुकानों, निर्माण कार्यों में कार्यरत मजदूरों के नियोक्ताओं को शीत लहर के प्रकोप से बचाव के लिए जिला श्रमाधिकारी ने शेड की व्यवस्था करने, शीत ऋतु में दुकानों व कारखानों के समय में परिवर्तन करने, शीत लहर से प्रभावित होने की दशा में मजदूरों को तत्काल अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

### कॉपी चेक की लेकिन मानदेय नहीं मिला

**हरदा।** मप्र शासकीय शिक्षक संगठन के प्रतिनिधियों ने गुरुवार को जिला शिक्षा अधिकारी पीएम सिंह को ज्ञापन सौंपा। इसमें उन्होंने बताया कि 2022-23 की पांचवीं और आठवीं बोर्ड परीक्षा की कॉपियां चेक की थी, लेकिन अब तक मानदेय नहीं मिला है। मानदेय जल्द से जल्द दिया जाए। इसके साथ ही शिक्षकों ने क्रमोन्नति से संबंधित आदेश जल्द जारी करने की मांग की है। साथ ही बालागांव संकुल में कुछ शिक्षकों को डीए के एरियर्स राशि का भुगतान नहीं हुआ है। समस्याएं सुनने के बाद डीईओ सिंह ने सभी समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। इस दौरान अशोक कुमार देवराले, मजीद खान, वंदना मिश्रा, गोरेलाल पीपारडे, महेश चौरे, दिनेश सराठे, मनोज उपाध्याय, संतोष मालवीय, शमीम कुरैशी, निर्भय दास दूधे, सखाराम मोहे समेत अन्य मौजूद रहे।

### 15 को गौशाला में मनाया जाएगा मकर संक्रांति पर्व

**खंडवा।** मकर संक्रांति पर्व हिंदू धर्म में गौसेवा, गोग्रास एवं दान के महत्वपूर्ण दिन के रूप में माना जाता है। इसी दिन से सूर्य उत्तरायण होता है। प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी गौशाला में मकर संक्रांति का पर्व हर्षोल्लास से 15 जनवरी को मनाया जाएगा। जिसमें सुबह 10 बजे गौपूजन, गौग्रास एवं आरती का कार्यक्रम होगा तथा 10:30 बजे से मातृशक्ति का हल्दी-कुमकुम का कार्यक्रम होगा, जिसमें समिति की तरफ से समस्त मातृशक्ति को सुहाग सामग्री प्रदान की जाएगी। समिति सचिव रामचंद्र मौर्य ने कहा कि समस्त नगरजन इस पुण्य अवसर का लाभ लेकर पुण्य के भागी बने।

### श्रीखाटू श्याम की भजन संध्या 16 को

**झिरन्या।** श्री श्याम सेवा समिति द्वारा 16 जनवरी को न्यू बस स्टैंड पर श्रीखाटू श्याम की भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें भजन गायक प्रमोद त्रिपाठी जयपुर और वैष्णवी शर्मा ग्वालियर अपनी प्रस्तुतियां देंगे। समिति के प्रमुख अंतिम गुप्ता ने बताया कि भजन संध्या के पूर्व अपरान्ह 3 बजे निशान यात्रा निकाली, जो श्री रामदेव बाबा मंदिर से शुरू होगी और निमोली माता मंदिर पर समापन होगा। जिसमें अक्षत कलश अयोध्या का भी कस्बे में भ्रमण कराया जाएगा। कीर्तन में खाटू श्याम बाबा का अलौकिक श्रंगार एवं अखंड ज्योत, 56 भोग के साथ ईत्र व केसर पुष्प वर्षा की जाएगी। उन्होंने बताया कि उक्त आयोजन की संपूर्ण तैयारियां हो चुकी हैं।

---

### ठेकेदार ने खामी छुपाने रात के अंधेरे में डाल दिया डामर

# समय सीमा से पहले उखड़ गई यादव मोहल्ले की सीसी सड़क, घटिया निर्माण की खुली पोल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरगोन



**फाइल देखकर ही बता पाऊंगा**

यह काम कितने का था फाइल देखकर बता पाऊंगा। वैसे वार्ड के रहवासियों की शिकायत पर ठेकेदार को बोलकर समस्या का निराकरण करा दिया गया है।
**बीआर बिरला,** सब इंजीनियर नगर परिषद कसरावद

जिले की कसरावद नगर परिषद के वार्ड 12, यादव मोहल्ले से बड़ी माता मंदिर तक नगर परिषद ठेकेदार द्वारा बनाई गई सीसी रोड निर्माण के महज डेढ़ दो साल में ही चटकने और रोड से गिट्टी निकलने लगी है। खामी छुपाने के लिए अब ठेकेदार ने रात के अंधेरे का फायदा उठाकर सीसी रोड पर डामर डालना शुरू किया तो वार्ड के रहवासी भड़क गए। और शनिवार को नगर परिषद कार्यालय पहुचकर सीएमओ को शिकायत कर भुगतान रोकने की मांग की।

शिकायत करने पहुचे गुलशन यादव, विनोद यादव, नितिन यादव, विजय यादव, आदि ने कहा कि नगर में 75 लाख रुपये की लागत से अलग अलग जगह पर बनने वाली सड़कों का काम मिश्रा ट्रेडर्स बडूद सनावद नामक ठेकेदार ने 17 प्रतिशत ब्लो में टेंडर डाला था जो कि नगर परिषद में पदस्थ इंजीनियर के संपर्क वाले हैं। जिन्होंने काम किसी अन्य को पेटी कांटेक्ट पर दिया था। काम इतना अमानक घटिया स्तर से किया जो अपने आप ही जगह जगह से सीमेंट उखड़ने लगा है। इसके निर्माण में गुणवत्ता को पूरी तरह दरकिनार किया गया जिसके कारण यह डेढ़ दो साल ही चल पाई। कई जगहों पर इसकी सीमेंट व गिट्टी उखड़ने के साथ गड्ढे होने लगे है। वार्डवासियों ने घटिया सड़क निर्माण की जांच कराने की मांग की है। शिकायत करने पहुचे वार्ड के रहवासियों ने बताया कि करीब दो साल पहले ठेकेदार ने सीसी रोड का काम शुरू किया था जिसमें सड़क को दो पट्टियों में बनाया गया पहली पट्टी का निर्माण कार्य तो ढंग ढांग से किया परंतु दूसरी पट्टी में इतना घटिया किस्म का निर्माण हुआ कि सारी सड़क टूट गई है। उक्त सड़क निर्माण का काम नगर परिषद ने ओम पाटीदार फर्म के ठेकेदार को दिया था। लेकिन काम ठेकेदार द्वारा घटिया स्तर से किया गया है। इस लाखों की सीसी सड़क निर्माण में बजरी की जगह पर कोपरा का इस्तेमाल किया गया। साथ ही सीमेंट की मात्र भी कम करके सड़क तो डाल दी। उसकी समय पर पानी से तराई न होने से जगह जगह पर सड़क में दरार के साथ गिट्टी उखड़ गई। काम भी इतना अमानक घटिया स्तर से हुआ जो अपने आप ही जगह जगह से सीमेंट उखड़ने लगा है।

नगर परिषद के जिम्मेदार अधिकारी, तत्कालीन प्रशासक एसडीएम सहित इंजीनियर ने भी इस घटिया निर्माण पर कतई गौर नही किया। यह सड़क पहली बारिश में उखड़कर गई। ऐसे में अब ठेकेदार द्वारा रुकी राशि निकालने के लिए डामर डाला जा रहा वह भी नाममात्र का है, सीसी सड़क पर डामर डालकर रिपेयर किया भी जाता है तो उसमें सिलकोट पर 7 प्रतिशत सीसी पर डामर डालना चाहिए था परंतु ऐसा नहीं किया गया है। उधर मामले को लेकर सीएमओ से चर्चा करना चाही लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो पाया।

---

# ज्योति मौत मामले में आरोपी प्रेमी गिरफ्तार

### छात्रा को शादी का बोलकर पलटा, सुसाइड नोट में लिखा था विजय को फांसी देना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा



खंडवा में गुरुवार को एक आदिवासी छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। छात्रा के सुसाइड नोट के आधार पर पुलिस ने उसके प्रेमी विजय अजनारे को गिरफ्तार कर लिया है। छात्रा ने सुसाइड नोट में कहा था कि उसकी मौत का जिम्मेदार विजय है। विजय को फांसी की सजा होना चाहिए। क्योंकि उसके जैसे लोग लड़कियों के साथ धोखेबाजी नहीं करें। ऐसे लोगों को सबक मिलना चाहिए। कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार सुबह ज्योति उईके का पोस्टमार्टम कराकर शव पाडल्या (रोशनी चौकी क्षेत्र) के रहने वाले माता-पिता के सुपुर्द कर दिया था। ज्योति अपने भाई के साथ खंडवा के राजेंद्र नगर इलाके में किराये के मकान से रहती थी। वह एसएन कॉलेज में एमए फायनल ईयर की छात्रा थी। सुसाइड के पीछे ज्योति ने प्रेमी विजय को जिम्मेदार बताया था। सुसाइड नोट में लिखा कि विजय ने शादी का भरोसा दिलाया था। लेकिन अब वह शादी करने से मुकर रहा है। टीआई बलरामसिंह राठौर का कहना है कि खरगोन जिले के गांव धरमपुरी निवासी विजय पिता केनसिंह अजनारे को आरोपी बनाया है। आरोपी ने मृतिका को शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताडित कर शादी कर भरोसा दिलाया और अब शादी से इंकार कर आत्महत्या के लिए उकसाया। आरोपी विजय शहर के सिविल लाइन (जेल रोड़) क्षेत्र में अपनी बहन के साथ रहता है। फिलहाल आरोपी कोतवाली में बंद है। रविवार को कोर्ट में पेश किया जाएगा।

---

### बड़वाह के माउली सरकार को जान से मारने की धमकी

# चिट्ठी में लिखा अयोध्या जाना महंगा पड़ेगा, जगद्गुरु बोले मैं जरूर जाऊंगा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरगोन

निमाड़ पीठ के जगद्गुरु रामानंदाचार्य राम राजेश्वराचार्य महाराज (माउली सरकार) को जान से मारने की धमकी दी गई है। उनके महाराष्ट्र वाले आश्रम में एक चिठ्ठी मिली। इसमें उन्हें धमकी दी गई है। माउली सरकार के निमाड़ पीठ का आश्रम जिले के बड़वाह में नर्मदा तट पर भी है। जगद्गुरु को यह चिठ्ठी महाराष्ट्र के अमरावती जिले में स्थित रुक्मिणी विदर्भ पीठ कोंडन्यपुर स्थित आश्रम में मिली है। इसमें उन्हें धमकी दी है कि आपको अयोध्या जाना भी महंगा पड़ेगा। जगद्गुरु करीब डेढ़ माह से इसी आश्रम में हैं। इस चिठ्ठी में जगद्गुरु को अयोध्या आते-जाते समय मारने की धमकी दी गई है। धमकी में लिखा है कि माउली सरकार अपने बयानों में आदिवासी, हिंदू समाज, धर्म, राष्ट्र जागरण की बात कर रहे हैं। माउली सरकार आदिवासी जनजाति हिंदुओं को उकसाने का काम कर हैं। अयोध्या-अयोध्या चिल्ला रहे हैं, आज नहीं तो कल आपका अंत है। आपको मार दिया जाएगा। चिठ्ठी किसने भेजी यह पता नहीं चल सका है।

#### धर्म और देश जागरण में जुटा रहूंगा

जगद्गुरु ने कहा कि वे संत हैं और संत का जीवन राष्ट्र एवं धर्म को समर्पित रहता है। अपने धर्म व देश जागरण के कार्य में पूरी ताकत से के साथ जुटा रहूंगा। प्रभु राम के दर्शन के लिए भी अवश्य जाऊंगा। इन धमकियों से बिलकुल नहीं डरने वाले हैं। इस संबंध में आश्रम ने स्थानीय थाने में शिकायत दर्ज कराई है। इस धमकी से बड़वाह के भक्तों में आक्रोश है। सुरेंद्र पंडया, देवेंद्र शर्मा, सचिन शर्मा ने धमकी देने वाले शख्स से गिरफ्तार करने की मांग की है।

#### गादी के पास पड़ा मिला खत

जगद्गुरु से मोबाइल पर चर्चा की तो उन्होंने बताया कि यह चिठ्ठी शुक्रवार शाम 5 बजे मिली। कोई इसे उनकी गादी स्थान पर छोड़ गया था। आश्रम ट्रस्ट के अध्यक्ष सुरेश पाटिल को मिली। आश्रम ट्रस्ट की मीटिंग थी तो उस समय सभी ट्रस्टी मौजूद थे। मैं आश्रम में नहीं था। शाम 6 बजे जब आश्रम लौटा तो सुरेश पाटिल ने चिठ्ठी बताई। इसके बाद शिकायत दर्ज कराई।

---

### फुलड़ी में आयोजित यज्ञ में शामिल हुए सांसद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रहटगांव

करीबी ग्राम फुलड़ी में 24 कुंडीय गायत्री जन जागरण गायत्री महायज्ञ का आयोजन हुआ। यज्ञ के तीसरे दिन शांतिकुंज से आई टोली द्वारा योग प्राणायाम एवं ध्यान 8.30 बजे से यज्ञ हवन संस्कार नामकरण संस्कार आदि संस्कार के द्वारा कराए गए। यज्ञ में विश्व कल्याण हेतु आहुति दी गई। क्षेत्र के सांसद दुर्गा दास उईके ने भी उपस्थित होकर उन्होंने भी यज्ञ हवन में आहुति छोड़ी। सांसद द्वारा यज्ञ से होने वाले फायदे के बारे में हमारे जीवन में यज्ञ की महिमा विस्तार से बताया गया। गुरु जीवन में अवश्य बनाना चाहिए। शांतिकुंज के दिनेश पटेल द्वारा सांसद उइके का स्वागत किया गया। कहा गया कि आज के यज्ञ में भी संस्कार कराए जाएंगे, जो भी कोई भी संस्कार करना चाहता है। वह गायत्री परिवार के सदस्यों से संपर्क कर सकते हैं।

---

'सरकार की योजनाएं सभी पात्र व्यक्तियों तक पहुंचें'

# उज्ज्वला योजना के हितग्राहियों को गैस सिलेंडर वितरित किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा



सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा प्रारंभ की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा शनिवार को जिले के ग्राम रहटगांव पहुंची। रहटगांव में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में सांसद डीडी उइके शामिल हुए। सांसद उईके ने उज्जवला योजना के तहत हितग्राहियों शिवकुमारी बाई एवं लता बाई को मौके पर गैस सिलेंडर का वितरण किया। मौके पर उपस्थित ग्रामीणों को खाद्य विभाग के अधिकारियों ने उज्जवला योजना के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। सांसद उईके ने इस अवसर पर कहा कि नागरिकों को पात्रता अनुसार योजनाओं का लाभ दिलाने और सरकार की योजनाओं के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा आयोजित की गई है। यह यात्रा आगामी 26 जनवरी तक लगातार जारी रहेगी। उन्होने कहा कि सरकार की योजनाओं से देश के करोड़ों परिवारों की आर्थिक स्थिति सुधरी है।

इसके अलावा शनिवार विकसित भारत संकल्प यात्रा जिले के ग्राम नजरपुरा, पाढरमाटी, नीमखेड़ामाल, बम्हनगांव व धनवाड़ा पहुंची। संकल्प यात्रा के दौरान सभी ग्रामों में स्कूली छात्राओं व महिलाओं ने कलश यात्रा आयोजित की। यात्रा के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में स्वस्थ बालक प्रतियोगिता आयोजित की गई। यात्रा के दौरान किसानों के समक्ष खेतों में ड्रोन के माध्यम से नेनो यूरिया छिड़काव के संबंध में प्रदर्शन कर बताया गया और किसानों को मिट्टी परीक्षण से संबंधी सोइल हेल्थ कार्ड प्रदान किये गये। कार्यक्रम में ग्रामीणों को भारत सरकार की ओर से प्राप्त केलेण्डर वितरित किये गये। यात्रा के साथ चल रहे प्रचार वाहन का स्थानीय ग्रामीणों ने स्वागत किया तथा वाहन में लगे एलईडी टीवी पर विकास कार्यों पर केन्द्रित फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया। शिविरों में विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं के तहत चयनित हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र प्रदान किये गये तथा योजनाओं का लाभ लेने के इच्छुक ग्रामीणों से योजनाओं के आवेदन भी भरवाये गये। यात्रा के दौरान ग्रामीणों को विकसित भारत बनाने का संकल्प दिलाया गया। शिविर में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित कर गांव के मरीजों को दवाईयां दी गई।

---

### महिला की रिपोर्ट पर व्यक्ति के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज

**हरदा।** जिले के सिविल लाइन थाना क्षेत्र में रहने वाली एक शादीशुदा महिला ने अपने गांव के ही एक व्यक्ति के खिलाफ दुष्कर्म का मामला महिला थाने में दर्ज कराया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी विजय पिता रेवाराम जाट के खिलाफ धारा 376, 506 एवं एससी एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पीड़िता ने अपनी रिपोर्ट में पुलिस को बताया कि उसका पति गांव के ही एक किसान के यहां मजदूरी करता है। आरोपी विजय का मेरे पति से परिचय है इस अनुसार वह कभी-कभी उनके घर आता था। पिछले महीने 16 दिसंबर 2023 को रोज की तरह मेरे पति किसान के यहां काम करने गए हुए थे। इस दौरान वह अपने तीनों बच्चों के साथ अपने घर पर थी। महिला ने बताया कि जब शाम के समय वह अपने घर से शौच करने के लिए गांव से कुछ दूरी पर जा रही थी। इसी दौरान आरोपी विजय जाट ने जबरदस्ती पकड़कर उसके साथ गलत काम किया। इस दौरान जब वह जब चिल्लाने लगी तो उसकी आवाज सुनकर उसका पति काम से वापस लौटने के दौरान आ गया। इस दौरान आरोपी मौके से भाग गया और जाते समय यह बात किसी को बताने पर पीड़िता को जान से मारने की धमकी दे गया। जिसके बाद डर के चलते पीड़िता और उसके पति ने उस दिन रिपोर्ट नहीं लिखाई। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार को आरोपी ओर उसका परिवार किसी दूसरे गांव गए हुए हैं। जिसके बाद उसने अपने पति के साथ थाने आकर आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है।

---

# जनकल्याकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने का लिया निर्णय



**हरदा।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों की बैठक शुक्रवार को भाजपा कार्यालय में आयोजित की गई। इस दौरान मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने खुद एवं अन्य लोगों को नमो एप डाउनलोड करने का संकल्प लिया। साथ ही केंद्र की मोदी सरकार की जनकल्याकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का निर्णय लिया।

बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष विजय जेवल्या ने कहा कि युवा देश का भविष्य हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार युवाओं सहित देश के सभी वर्ग के उत्थान और विकसित भारत के लिए अपनी योजनाओं द्वारा उत्तम कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम में युवाओं को आह्वान करते हुए कहा था कि युवा विकसित भारत एंबेसडर बन केंद्र सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने और विकसित भारत बनाने में कर्णधार सिद्ध होंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश वर्मा ने कहा कि सभी युवा अपने मोबाइल में नमो ऐप डाउनलोड कर विकसित भारत एंबेसडर बन केंद्र सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रत्येक युवा बेहतरीन कार्य कर सकता है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से मोदी सरकार हर वर्ग के जरूरतमंदों को अपनी योजनाओं का लाभ देने के लिए तत्पर हैं। इन जरूरतमंदों तक यह संदेश पहुंचाने का कार्य विकसित भारत एम्बेसडर बन कर सकते हैं। बैठक में योगेंद्र पटेल, संदीप विश्नोई, रोहित लाठी, शशांक बादर मंडल, रवि मातवा, मुकेश गुर्जर, गजेंद्र मौर्य, सतीश इवने, शुभम राठौड़, राजू सिरोही, अनिल श्रीवास सहित युवा मोर्चा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

---

### मासूम से दुष्कृत्य का मुख्य आरोपी 26 दिन बाद गिरफ्तार



**रहटगांव।** थाना क्षेत्र में बीते दिनों एक पांच साल की मासूम के साथ रेप के फरार आरोपी को पुलिस ने 26 दिनों बाद गिरफ्तार किया है। आरोपी को शुक्रवार को न्यायालय में पेश किया गया है। पीड़िता के दादा ने रहटगांव थाने में बीते 18 दिसंबर को आकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उनकी पांच साल की नातिन को बांसपानी निवासी नानकराम कोरकू और भीम सिंह उर्फ धम्मू कोरकू बहला फुसलाकर अपने साथ ले गए हैं। जिस पर पुलिस ने पॉस्को व दुष्कर्म सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया गया था। वहीं आरोपी नानकराम को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया था। हालांकि, घटना के बाद से ही दुष्कर्म का मुख्य आरोपी फरार चल रहा था। जिसकी गिरफ्तारी पर नर्मदापुरम संभाग केआईजी ने 15 हजार का इनाम घोषित किया गया था। पुलिस ने शुक्रवार को मुखबिर की सूचना पर दूसरे आरोपी भीम सिंह उर्फ धम्मू पिता चंपालाल कोरकू (25) साल को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। गौरतलब है कि आरोपियों ने मासूम को अपने साथ ले जाकर रेप कर अगले दिन सुबह गांव के पास के एक नाले के पास छोड़कर फरार हो गए थे। जिसके बाद बालिका को आए चोट के निशान के बाद उसे भोपाल के हमीदिया हॉस्पिटल में एडमिट किया गया था।

---

### स्व-सहायता समूहों का मनीवाईज साक्षरता प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

# शासन की योजनाओं का लाभ लेकर महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त बनें : महापौर यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा



शनिवार को नगर निगम के सभागृह में शहर की 10 स्व सहायता महिला समूहों की महिलाओं का मनीवाईज साक्षरता प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। नगर निगम खंडवा एवं मप्र ग्रामीण विकास बैंक, एचडीएफसी बैंक, बैंक ऑफ इंडिया की सहायता से अधिकारियों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के आयोजित कार्यकम में नगर पालिक निगम महापौर अमृता अमर यादव मुख्य अतिथि थीं। मेयर इन काउंसिल के सदस्य वरूण विक्की बावरे, पार्षद श्फरीद खान, मनोज मंडलोई, शब्बीर कादरी, अनिल सारसर, गब्बर मिडा, पूर्व पार्षद सुनील जैन, की उपस्थिति में कार्यक्रम में, महापौर एवं एल डी एम जया जयश्री बेनर्जी का स्वागत, उपायुक्त सचिन सिटोले ने पुष्पहारों से किया। समस्त पार्षदों का स्वागत नवनीत शुक्ला एवं सईद शाह ने किया। कार्यक्रम का संचालन सधाशु जैन ने किया।

महापौर अमृता अमर यादव ने इस अवसर पर कहा कि शहर की समस्त महिलाएं स्व सहायता समूह के माध्यम से अपनी आर्थिक स्थिति सुधारे एवं शासन की विभिन्न योजनाओं में भागीदारी बढ़ाये व आर्थिक लाभ लेवें। महिलाए अपना स्वयं का रोजगार स्थापित करें। कार्यक्रम में राधाकृष्ण स्व सहायता समूह को एच डी एफ सी बैंक से दो लाख सत्तार हजार रूपये का चेक वितरित किया गया। आस्था स्वः सहायता समूह को एक लाख अस्सी हजार का राधिका स्वसहायता समूह को पांच लाख, गायत्री स्व. सहायता समूह को चार लाख सेतीस हजार, राधे राधे महिला स्व सहायता समूह को दो लाख ग्यासह हजार, शिवशक्ति महिला समूह को एक लाख इक्कावन हजार, जीवन ज्योति स्व सहायता समूह को दो लाख पिन्चानवे हजार, उडान स्व सहायता समूह को एक लाख पन्द्रह हजार का चेक वितरित किया गया। कार्यक्रम में एल डी एम जया जयश्री बैनर्जी, मप्र ग्रामीण विकास बैंक से कारडीनेटर बी डी वर्मा, बैंक आफ इंडिया से शुभम जैन, एचडीएफसी बैंक से उमेश विश्वकर्मा ने प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम में पी एम स्वनिधी सिटी मेनेजर सईद शाह, संगठक रजनी सोनी, दिलीप चौहान, राकेश कटारे, एवं निगम के समस्त अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित थे।

---

# तहसील वैश्य महासम्मेलन मप्र का नववर्ष मिलन व प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भीकनगांव



वैश्य चेतना मंच का उद्देश्य जितनी भी वैश्य जातियां हैं सबको संगठित करना है। जिससे किसी भी वैश्य जाति के लोगों का सामाजिक तथा आर्थिक दोहन न हो। अक्सर देखा गया है कि वैश्यों की कोई भी नहीं सुनता है। इसका मुख्य कारण है कि हम आपस में खंडित हैं। समाज के बीच के खंडन और खामियों को दूर करने के उद्देश्य से ही वैश्य चेतना मंच का गठन किया गया है।

उक्त बात बुधवार को स्थानीय आनंद गार्डन में आयोजित तहसील वैश्य महासम्मेलन मप्र द्वारा नववर्ष मिलन समारोह व प्रतिभा सम्मान समारोह में प्रदेश महामंत्री लखनलाल नागौरी ने कही। उक्त कार्यक्रम में प्रतिभाशाली बच्चों का सम्मान रखा गया। इस दौरान संभागीय अध्यक्ष ओमप्रकाश खंडेलवाल, प्रदेश प्रभारी कल्याण अग्रवाल, युवा प्रभारी विनोद जैन, जिलाध्यक्ष कैलाश महाजन, संभागीय अध्यक्ष सरिता महाजन, जिलाध्यक्ष खंडवा अखिलेश गुप्ता, पूर्व जिला अध्यक्ष निर्मल जैन ,लोकेंद्र गुप्ता तहसील अध्यक्ष, कीर्ति जैन जिलाध्यक्ष, सविता जैन तहसील अध्यक्ष ने भी अपना संबोधन दिया।

#### 'बेटियों को अपने सपने पूरे करने में सहयोग करें'

तहसील वैश्य महासम्मेलन मप्र द्वारा नववर्ष मिलन समारोह व प्रतिभा सम्मान समारोह में डिप्टी कलेक्टर सनोली अग्रवाल ने कहा जब सपना बड़ा देखा है तो मेहनत भी बड़ी लगेगी, क्योंकि जिस रास्ते पर आप चल रहे हैं उसमें कठनाई भी आएगी। बस आप अपने लक्ष्य पर ध्यान दो मंजिल जरूर मिलेगी। सभी पेरेंट्स से निवेदन है अपनी बेटियों को अपने सपने पूरे करने में सहयोग करें और बेटियों से भी निवेदन हैं वह अपने माता पिता के भरोसे को कायम रखें। इस दौरान मनोज अग्रवाल, पारस कासलीवाल, श्रीकृष्ण अग्रवाल, राखी गुप्ता, प्रवीण जैन, रिंकी जैन, विजय महाजन, बसंत गुप्ता, राजेंद्र गुप्ता, चन्द्रकिशोर गोयल उपस्थित थे।